गोरखपुर से प्रकाशित

RNI Reg. NO. UPBIL/2023/87841

Si न्यूज़

साप्ताहिक

# स्वदेशी इनक्रेडिबल

Web:www.sinews.in/E-mail: info@sinews.in

सिर्फ सच के साथ...

वर्ष : 02 अंक: 53 | गोरखपुर रविवार 22 जून 2025 | मूल्य- 02 रूपया | पृष्ठ - 8

# आजमगढ़ में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच फीता काटकर सीएम योगी ने गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे किया जनता को समर्पित

- पहचान के संकट से निकलकर आज आजमगढ़ बना अदम्य साहस का गढ़: सीएम योगी
- आजमगढ़ से गोरखपुर तक 91.352 कि.मी. लंबा लिंक एक्सप्रेसवे 7,283 करोड़ की लागत से किया गया तैयार

**संवाददाता**

लखनऊ/आजमगढ़। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार आजमगढ़ में गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का भव्य लोकार्पण किया। राज्य को विकास के नए आयामों पर ले जाने का प्रतीक बना यह लिंक एक्सप्रेसवे 91.352 किलोमीटर लंबा है जिसे ?7,283 करोड़ की लागत से तैयार किया गया है। सीएम योगी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच फीता काटकर एक्सप्रेसवे आम जनता के लिए समर्पित किया और खुद अपने काफिले के साथ गोरखपुर के लिए रवाना हो गए। इससे पहले आजमगढ़ के सलारपुर, फूलपुर में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि पहले आजमगढ़



पहचान के संकट से जूझता था, लेकिन आज यह अदम्य साहस का गढ़ बन चुका है। यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और डबल इंजन सरकार के प्रयासों का परिणाम है, जो उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य से एक्सप्रेसवे प्रदेश के रूप में स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह एक्सप्रेसवे आजमगढ़ के साथ-साथ अंबेडकर नगर, संत कबीर नगर और गोरखपुर को विश्वस्तरीय कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। सीएम योगी ने कहा कि आजमगढ़ से गोरखपुर तक यह लिंक एक्सप्रेसवे पूर्वी उत्तर प्रदेश को विकास की मुख्यधारा से जोड़ रहा है। यह कनेक्टिविटी पटना से दिल्ली तक की यात्रा को आसान बनाएगी। उन्होंने कहा कि 2017 में केवल दो एक्सप्रेसवे (यमुना और आगरा-लखनऊ) थे जिसमें आगरा-लखनऊ अधूरा ही था जिसे डबल इंजन की सरकार ने पूरा किया, लेकिन अब 340 किलोमीटर का पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, 300 किलोमीटर का बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे और 91 किलोमीटर का गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे चालू हो चुके हैं। इसके अलावा, गंगा एक्सप्रेसवे (600 किलोमीटर), लखनऊ-कानपुर, बलिया लिंक सहित छह एक्सप्रेसवे निमार्णाधीन हैं। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे ने 3 घंटे की दूरी को 40-45 मिनट में सिमटने का गौरव हासिल किया है। सीएम योगी ने कहा कि इस वर्ष के अंत तक गंगा एक्सप्रेसवे का लोकार्पण प्रधानमंत्री करेंगे और इंफ्रास्ट्रक्चर इतना मजबूत होगा कि उत्तर प्रदेश को समृद्ध होने से कोई रोक नहीं सकेगा। उन्होंने कहा कि 2047 में भारत एक विकसित भारत होगा उसे विकसित भारत के लिए विकसित और आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश बनाने के दिशा में डबल इंजन की भारतीय जनता पार्टी की सरकार के द्वारा किए गए प्रयासों का एक प्रतिफल है कि उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य से अब एक्सप्रेसवे प्रदेश के रूप में अपनी पहचान बना रहा है।

## पीएम मोदी ने कहा- पंजे और लालटेन वालों ने लूट मचाई, बिहार के स्वाभिमान को ठेस पहुंचाया



**एजेंसी**

नई दिल्ली। पीएम मोदी ने कहा कि विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि हम कहते हैं सबका साथ और सबका विकास लेकिन लालटेन और पंजे वाले कहते हैं परिवार का साथ और परिवार का विकास। इनकी राजनीति कुल जमापूंजी यही है कि अपने-अपने परिवारों के हित के लिए यह करोड़ों परिवारों का अहित करने से नहीं चूंकते हैं। बाबा साहेब आंबेडकर भी इस प्रकार की राजनीतिक के खिलाफ थे। इसलिए यह लोग कदम-कदम पर बाबा साहेब का अपमान करते हैं। अभी देश ने देखा कि किस तरह से राजद वालों ने बाबा साहेब का अपमान किया। राजद वालों ने बाबा साहेब की तस्वीर के साथ क्या किया। बिहार में पोस्टर लगे हैं कि बाबा साहेब के अपमान पर माफी मांगों। लेकिन, यह लोग माफी नहीं मांगेंगे। क्योंकि इनके मन में दलित, महादलित, पिछड़ों और अतिपिछड़े के लिए कोई सम्मान नहीं है। राजद और कांग्रेस वाले बाबा साहेब की तस्वीर को अपने पैरों में रखते है। लेकिन, मोदी बाबा साहेब को अपने दिल में रखता है। बाबा साहेब का अपमान कर वह लोग खुद को बाबा साहेब से भी बड़ा दिखना चाहते हैं। बिहार के लोग बाबा साहेब का अपमान कभी नहीं भूलेंगे।

पीएम मोदी ने कहा कि राजद और कांग्रेस की करतूतें और इनकी कार्रवाई बिहार विरोधी है। निवेश विरोधी है। जब यह लोग विकास की बात करते हैं तो लोगों को अपनी दुकान, कारोबार, उद्योग-धंधे सब पर ताले लटकते नजर आते हैं। इसलिए यह लोग नौजवानों के दिल में कभी भी जगह नहीं बना पाए हैं। यह लोग गुंडा राज, माफिया राज, बेहाल इंफ्रास्ट्रकचर और भ्रष्टाचार के पोषक रहे हैं। एनडीए कैसा बिहार बना रही है? इसका उदाहरण मढ़ौरा रेल फैक्ट्री है। आज मढ़ौरा को पहला इंजन अफ्रीका भेजा जा रहा है। आप सोचिए कि अफ्रीका में भी बिहार का जय-जयकार होने वाला है। यह फैक्ट्री उसी सारण में बनी है जिसे पंजे और लालूटेन वालों ने पिछड़ा कहकर छोड़कर दिया था। जंगलराज वालों ने बिहार को विकास के मामले में काफी पीछे छोड़ दिया था। आज बिहार में रोड, रेल, हवाई यात्रा और जल मार्ग और हर प्रकार इंफ्रास्ट्रकचर पर काफी निवेश हो रहा है। आज हम और बड़ी शुरूआत करने जा रही है। सावन शुरू होने से पहले बाबा हरिहरनाथ की धरती बाबा गोरखनाथ की धरती से जुड़ गई है।

## बुलडोजर जस्टिस पर रोक लगा कर हमने सरकार को जज, जूरी और जल्लाद बनने से रोका: प्रधान न्यायाधीश

**एजेंसी**

नई दिल्ली। प्रधान न्यायाधीश ने 'बुलडोजर जस्टिस' पर एक बार फिर सवाल उठाते हुए बताया है कि किस तरह हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने 'बुलडोजर न्याय' पर प्रतिबंध लगाया और कार्यपालिका को न्यायाधीश, जूरी और जल्लाद बनने से रोका। हम आपको बता दें कि भारत के प्रधान न्यायाधीश (CJI) बीआर गवई ने इटली के शीर्ष न्यायाधीशों की सभा को संबोधित करते हुए पिछले 75 वर्षों में गरीबों और हाशिये पर पड़े लोगों को राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक न्याय दिलाने में सुप्रीम कोर्ट के योगदान को रेखांकित करते हुए यह बात कही। उखक गवई ने कहा कि अपराध के आरोपी व्यक्तियों के घरों को मनमाने तरीके से गिराना, कानूनी प्रक्रिया को दरकिनार करना और नागरिकों के आवास के मौलिक अधिकार (अनुच्छेद 21) का उल्लंघन करना, असंवैधानिक है। उखक ने कहा, "कार्यपालिका (सरकार) एक साथ न्यायाधीश, जूरी और जल्लाद नहीं बन सकती। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले का उल्लेख किया जिसमें कहा गया था, "घर का निर्माण सामाजिक-आर्थिक अधिकारों का एक पहलू है।" उन्होंने कहा, "एक आम नागरिक के लिए, घर का निर्माण वर्षों की मेहनत, सपनों और आकांक्षाओं की परिणति होता है। एक घर केवल संपत्ति नहीं होता, बल्कि यह एक परिवार या व्यक्ति की स्थिरता, सुरक्षा और भविष्य की सामूहिक आशाओं का प्रतीक होता है।" उखक गवई ने कहा, "पिछले 75 वर्षों को देखते हुए यह निर्विवाद है कि भारतीय संविधान ने आम लोगों के जीवन में बदलाव लाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए हैं।" उन्होंने कहा कि, "निदेशक सिद्धांतों के कई पहलुओं को मौलिक अधिकारों के रूप में पढ़कर या कानून बनाकर लागू किया गया है।"



## नफरत फैलाने वालों के खिलाफ अगले विधानसभा सत्र में लाऊंगा प्राइवेट बिल : अबू आजमी

**एजेंसी**

मुंबई। समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी ने कहा है कि वह महाराष्ट्र विधानसभा के आगामी सत्र में नफरत फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कानून की मांग करेंगे और एक प्राइवेट बिल लाएंगे। अबू आजमी ने कहा, "देश में लोकतंत्र है और संविधान हर किसी को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता देता है, चाहे वो कोई आम नागरिक हो या ऊंचे पद पर बैठा व्यक्ति। लेकिन, इसी स्वतंत्रता का दुरुपयोग करते हुए कुछ लोग देवी-देवताओं, डॉ. भीमराव अंबेडकर, महात्मा गांधी और छत्रपति शिवाजी महाराज जैसे महान नेताओं का अपमान करते हैं, इससे देश में लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति बिगड़ती है।" उन्होंने कहा कि धार्मिक ग्रंथों जैसे कुरान शरीफ या अन्य किताबों को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणियां करने से देश में तनाव बढ़ता है और दंगे होते हैं।

## खाली अनाप-शनाप करता है, काम कुछ नहीं किया, लालू-राबड़ी पर भड़के नीतीश

**एजेंसी**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जल, रेल और बिजली क्षेत्र सहित कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इस दौरान बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि जब से यहां एनडीए की सरकार बनी है, तब से हमने बिहार के लिए बहुत कुछ किया है... लेकिन उससे पहले की सभी सरकारें, जो अब बेकार की टिप्पणियां करती रहती हैं, उन्होंने कभी कुछ नहीं किया।

## सम्पादकीय...

# सेहत का बॉन्ड

यह तथ्य किसी से छिपा नहीं कि पंजाब के सरकारी अस्पताल मरीजों के बढ़ते बोझ से चरमरा रहे हैं। समाज के गरीब व निम्न मध्यमवर्गीय मरीजों के उपचार की अंतिम शरण स्थली ही होते हैं सरकारी अस्पताल। विडंबना यह है कि सरकारी अस्पताल खुद ही डॉक्टरों की कमी से जूझ रहे हैं। आंकड़ों की बात करें तो सरकारी अस्पतालों के लिये स्वीकृत पदों में आधे पद फिलहाल खाली है। नई पीढ़ी के डॉक्टर मरीजों के दबाव व आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के अभाव के चलते सरकारी अस्पतालों को कार्यस्थली बनाने से गुरेज करते रहे हैं। निस्संदेह, निजी क्षेत्र में मोटी तनख्वाह व सुविधाएं उन्हें आकर्षित करती हैं। इधर विदेशों का मोह भी उन्हें खूब लुभाता है। यही वजह है कि ग्रामीण ही नहीं, शहरी सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की भारी कमी है। विशेषज्ञ चिकित्सकों की तो ज्यादा ही कमी है। इस समस्या से निबटने के लिये पंजाब सरकार इस सत्र से एमबीबीएस और बीडीएस के छात्रों के लिए बॉन्ड नीति लेकर आई है। निश्चय ही सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली में डॉक्टरों की पुरानी कमी से निपटने के लिये एक ऐसा साहसिक कदम उठाना बेहद जरूरी था। नये नियमों के तहत, राज्य सरकार द्वारा संचालित मेडिकल कॉलेजों से स्नातक करने वाले डॉक्टरों को दो साल के लिये अनिवार्य रूप से सरकारी स्वास्थ्य सेवा संस्थानों में सेवा करनी होगी। यदि वे ऐसा नहीं करते हैं तो बीस लाख रुपये की बॉन्ड राशि का भुगतान करना होगा। वहीं अखिल भारतीय कोटे के तहत स्नातकों को अनिवार्य रूप से एक साल की सेवा सरकारी स्वास्थ्य सेवा संस्थानों में देनी होगी। हालांकि, यह नीति बाध्यकारी है, लेकिन यह सुनिश्चित करने का एक जिम्मेदार प्रयास है कि राज्य चिकित्सा शिक्षा में निवेश का कुछ लाभ राज्य के लोगों को भी मिलना चाहिए। यह तार्किक बात है कि सरकारी मेडिकल कॉलेजों को राज्य सरकार भारी सब्सिडी भी देती है। दूसरे शब्दों में कहें तो राज्य के मेडिकल कॉलेजों की सीटों के लिये करदाताओं द्वारा एक अंशदान दिया जाता है। यह उचित होगा कि छात्र स्नातक होने के बाद समाज में कुछ योगदान जरूर दें। यह इसलिये भी जरूरी है कि राज्य के सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की भारी कमी है। ग्रामीण क्षेत्रों में तो स्थिति बहुत अधिक विकट है क्योंकि आमतौर डॉक्टर ग्रामीण क्षेत्रों में काम करने से कतराते हैं। बताया जाता है कि राज्य के सरकारी अस्पतालों में स्वीकृत डॉक्टरों के 3,847 पदों में पचास फीसदी पद रिक्त हैं। सरकारी अस्पतालों में पर्याप्त चिकित्सकों के न होने का खमियाजा मरीजों को चिकित्सा सुविधाओं के अभाव के रूप में भुगतना पड़ता है। उन्हें मजबूरी में निजी अस्पतालों के महंगे उपचार लेने के लिये बाध्य होना पड़ता है। वर्षों से यह ट्रेंड चला आ रहा है कि डॉक्टर निजी प्रैक्टिस या विदेशों में बेहतर अवसरों की तलाश में सार्वजनिक चिकित्सा सेवा से किनारा करते रहे हैं। जिसके चलते शहरी-ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा के बीच में एक बड़ा अंतर पैदा हो गया है। निश्चित रूप से बॉन्ड नीति इस असंतुलन को दूर करने की दिशा में प्रयास करेगी। इसके साथ ही कतिपय छात्र समूहों का बॉन्ड नीति का विरोध भी समझ में आता है।

## राशिफल

मेषः- प्रतिभाओं के बावजूद हीनभाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी।

बृषभः- किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ मिलेगा।

मिथुनः- नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी।

कर्कः- काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। शिक्षा की दिशा में किया गया प्रयत्न सार्थक होगा।

सिंहः- अच्छे कायरें से परिजनो के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कायरें में लापरवाही न करें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

कन्याः- कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी। प्रणय संबंध के प्रति प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

तुलाः- भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंतायें मन पर प्रभावी होंगी। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें। कल्पनाओं में जीना छोड़े।

वृश्चिकः- किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। परिजनो के अनुकूल चलने की चेष्ठा करें।

धनुः- संवेदनील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

मकरः- नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

कुंभः- कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है।

# व्हाइट हाउस में ट्रंप की रोटी खाते ही मुनीर को यह बात समझ आ गयी

**नीरज कुमार दुबे**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष फील्ड मार्शल असीम मुनीर के साथ दोपहर का भोज करके पूरी दुनिया को यह स्पष्ट संदेश दे दिया है कि पाकिस्तान में सरकार नहीं बल्कि सेना ही असली ताकत रखती है। ट्रंप ने जिस तरह से असीम मुनीर को खाना खिलाते समय कहा कि मुझे पाकिस्तान से प्यार है उससे यह भी संकेत मिले कि अमेरिकी राष्ट्रपति के मन में कुछ बड़ा चल रहा है। हम आपको बता दें कि ईरान पर हमला करने की तैयारी कर चुका अमेरिका चाहता है कि पाकिस्तान उसकी मदद करे। हम आपको याद दिला दें कि अफगानिस्तान में तालिबान शासन को उखाड़ने के लिए भी अमेरिका ने पाकिस्तान को अपना बेस बनाया था। चूंकि ईरान की सीमाएं भी पाकिस्तान के साथ लगती हैं इसलिए अमेरिका चाहता है कि पाकिस्तान एक बार फिर उसे अपना बेस वहां बनाने दे ताकि उसके लड़ाकू विमान वहीं से उड़ान भर सकें। अमेरिका जानता है कि पाकिस्तान में इस बात की इजाजत वहां की सरकार नहीं बल्कि सेना ही दे सकती है इसलिए मुनीर को लंच पर बुलाया गया। इसके अलावा इजराइल भी चाहता है कि ईरान को किसी भी मुस्लिम देश की मदद नहीं मिले, इसके लिए उसने अमेरिका से पाकिस्तान को समझाने के लिए कहा था। हम आपको बता दें कि पाकिस्तान और इजराइल के बीच राजनयिक संबंध नहीं हैं और हाल ही में पाकिस्तान ने ईरान पर हुए इजराइली हमलों की निंदा की है इसलिए ट्रंप यह सुनिश्चित कर रहे थे कि पाकिस्तान ईरान की मदद के लिए आगे नहीं आये। इसके अलावा ट्रंप का एक और गेम प्लान यह था कि वह मुनीर को लंच कराने के दौरान उनकी भेंट भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से करवा दी जाये लेकिन मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति की यह चाल समझ गये थे इसलिए उन्होंने कनाडा से लौटते वक्त अमेरिका में कुछ समय रुकने का उनका आग्रह ठुकरा दिया था। मोदी समझ गये थे कि यदि ट्रंप ने अचानक उनकी और मुनीर की भेंट करवा कर दुनिया के सामने फिर से यह दावा कर दिया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच सुलह करवा दी है तो उनके लिए घरेलू राजनीतिक मोर्चे पर नई मुश्किल खड़ी हो जायेगी। जहां तक ट्रंप और मुनीर के लंच की बात है तो बताया जा रहा है कि पहला निवाला मुंह में डालते ही मुनीर के होश उड़ गये क्योंकि वह कट्टरपंथी स्वभाव के हैं इसलिए उन्हें यह बात रास नहीं आई कि वह ईरान का साथ देने की बजाय इजराइल को अपना मिशन पूरा करते हुए देखें। मुनीर को ट्रंप की रोटी खाते ही यह बात समझ आ गयी कि दुनिया में कोई भी फ्री में कुछ नहीं खिलाता। वैसे भी ट्रंप राजनीतिज्ञ कम, व्यापारी ज्यादा हैं और उन्हें पता है कि पाकिस्तान के किसी भी सेनाध्यक्ष को मुंहमांगी कीमत देकर आसानी से खरीदा जा सकता है। यही काम ट्रंप ने किया और मुनीर को अपने पाले में कर लिया। वैसे, अमेरिकी राजनीति के इतिहास में यह दुर्लभ ही नहीं बल्कि अभूतपूर्व घटना है कि कोई अमेरिकी राष्ट्रपति किसी विदेशी सैन्य प्रमुख को लंच पर बुलाए। हालांकि अयूब खान, जिया-उल-हक और परवेज मुशर्रफ जैसे पाकिस्तानी सैन्य नेताओं ने अतीत में अमेरिकी राष्ट्रपतियों से मुलाकात की थी, लेकिन उन्होंने यह मुलाकात तब की थी जब वे सैन्य तख्तापलट के बाद पाकिस्तान





के नेता बन गए थे। हम आपको यह भी बता दें कि ज़िया-उल-हक और मुशर्रफ ने भी अमेरिका से अरबों डॉलर की सैन्य सहायता और अनुदान प्राप्त करने के लिए पाकिस्तान को एक "किराए की सेना" में बदल दिया था। अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों में भी कहा गया है कि ट्रंप की इस पहल को मुनीर को पाकिस्तान का वास्तविक नेता मानने के तौर पर देखा जा रहा है। साथ ही ऐसा प्रतीत होता है कि अमेरिका ईरान में अपने संभावित हमलों के लिए मुनीर का समर्थन प्राप्त करना चाहता है। इसके साथ ही अमेरिका और इजराइल यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि ईरान इस्लामी दुनिया में अलग-थलग रहे और उसे पाकिस्तान का समर्थन नहीं मिले। अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक ट्रंप की अजीबो-गरीब नीतियों को देखते हुए, यह भी संभव है कि मुनीर को चेतावनी दी गई हो कि अगर इस्लामाबाद ने ईरान का समर्थन किया तो परिणाम भुगतने होंगे। हम आपको बता दें कि पाकिस्तान की सरकार ने इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए हमलों की निंदा की है और उन्हें "ईरान की संप्रभुता का खुला उल्लंघन" और "अनुचित तथा अवैध आक्रामकता" बताया है। एक रोचक तथ्य यह भी है कि वैसे तो मुनीर कट्टर इस्लामवादी माने जाते हैं, मगर उनके बारे में अमेरिका में रहने वाले इमरान खान की पीटीआई पार्टी के समर्थकों का आरोप है कि वह इजराइल समर्थक हैं और अमेरिका-इजराइल की ईरान के खिलाफ कार्रवाई का समर्थन कर रहे हैं ताकि पाकिस्तान एकमात्र इस्लामी परमाणु शक्ति बना रहे। हम आपको बता दें कि पीटीआई कार्यकर्ताओं ने ही सबसे पहले मुनीर की अमेरिका में गुप्त यात्रा का खुलासा किया था और आरोप लगाया था कि उन्होंने वॉशिंगटन डीसी में एक इजराइल समर्थक लॉबी समूह अक्कअउ की बैठक में भाग लिया।

## कुछ खास...

### क्यों है, बोधगया के महाबोधि मंदिर पर विवाद?

**राम पुनियानी**

पटना के निकट बोधगया स्थित महाबोधि मंदिर, बौद्ध धर्म के अनुयायियों का एक महत्वपूर्ण तीर्थस्थान है क्योंकि



भगवान गौतम बुद्ध को यहीं निर्वाण प्राप्त हुआ था। इस मंदिर का संचालन बोधगया मंदिर अधिनियम, 1949. के प्रावधानों के अनुसार होता है और बोधगया मंदिर प्रबंधन समिति. (बीटीएमसी) इसका प्रबंधन करती है। अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार, मंदिर के नियंत्रण मंडल में हिंदू और बौद्ध समान संख्या में होते हैं। इस साल फरवरी से कई बौद्ध भिक्षु इन प्रावधानों का विरोध कर रहे हैं। उनकी मांग है कि मंदिर के क्रियाकलापों का संचालन करने वाले इस मंडल के सभी सदस्य बौद्ध हों। इस विरोध का कारण नियंत्रण मंडल की मिश्रित प्रकृति के चलते धीरे-धीरे मंदिर का ब्राह्मणीकरण होना है। धरने पर बैठे आकाश लामा ने उनके विरोध को समझाते हुए कहा, श्यह मात्र एक मंदिर का सवाल नहीं है। यह हमारी पहचान और गौरव का सवाल है। हम अपनी मांगें शांतिपूर्ण ढंग से सामने रख रहे हैं। जब तक हमें सरकार से लिखित आश्वासन नहीं मिलेगा, तब तक, अनिश्चित काल तक, हमारा विरोध जारी रहेगा।. धरने पर बैठे भिक्षुओं का कहना है कि श्महाबोधि महाविहार का ब्राह्मणीकरण किया जा रहा है। प्रबंधन और समारोहों में ब्राह्मणवादी अनुष्ठान बढ़ते जा रहे हैं, जिससे बौद्ध समुदाय की आस्था और विरासत को गहरी चोट पहुंच रही है।.भारत में बौद्ध धर्म और ब्राह्मणवाद के टकराव का लंबा इतिहास रहा है। जहां बौद्ध धर्म समानता का संदेश देता है वहीं ब्राह्मणवाद जाति एवं लिंग की जन्म से निर्धारित होने वाली ऊंच-नीच पर आधारित है। बुद्ध का सबसे प्रमुख संदेश उस काल में प्रचलित जाति एवं लिंग आधारित भेदभाव के खिलाफ था। सम्राट अशोक द्वारा बौद्ध धर्म स्वीकार किए जाने के बाद यह धर्म भारत में और दूसरे देशों में, खासकर दक्षिण पूर्व एशिया में बड़े पैमाने पर फैला। अशोक ने भगवान बुद्ध का संदेश पहुंचाने के लिए प्रचारकों को दुनिया के कई देशों में भेजा। बुद्ध ने अपने दौर में पशुबलि, विशेषकर गायों की बलि देने की गैर-जरूरी प्रथा को भी समाप्त करने का आह्वान किया था। इस सबसे ब्राह्मणों के सामाजिक एवं आर्थिक हितों पर विपरीत प्रभाव हो रहा था और वे बौद्ध धर्म के विस्तार से बेचैनी महसूस कर रहे थे। उन्हें तब बहुत राहत मिली जब अशोक के पौत्र बृहद्रथ के सेनापति पुष्यमित्र शुंग ने बृहद्रथ की हत्या कर सिंहासन पर कब्जा कर लिया और शुंग वंश की स्थापना की। इसके साथ ही ब्राह्मणवाद का बोलबाला बढ़ने लगा और बौद्ध धर्म का अस्त होना शुरू हो गया। पुष्यमित्र ने बौद्धों का जबरदस्त उत्पीड़न किया। कहा जाता है कि उसने बौद्ध मठों को जलवाया, स्तूपों को नष्ट किया और यहां तक कि बौद्ध भिक्षुओं का सिर काटकर लाने वालों को पुरस्कृत करने की घोषणा की। इसके चलते बौद्ध धर्म का पतन होने लगा और ब्राह्मणवाद कायम होता गया। बाद में अत्यंत प्रभावशाली दार्शनिक, कलाडी (एनार्कुलम, केरल) के शंकराचार्य ने ब्राह्मणवाद के पक्ष में तर्क दिए। वे किस काल में हुए इसे लेकर विवाद है। जहां परंपरागत रूप से माना जाता है कि उनका जीवनकाल 788 से 820 ईस्वी का था, वहीं कुछ अध्येताओं का कहना है कि वे इससे बहुत पहले हुए थे और उनका जन्म 507 से लेकर 475 ईसा पूर्व के बीच हुआ था।

## संक्षिप्त सामाचार

### पूर्वांचल में आरएलडी ने पसारे पांव जयंत 23 को पहुंचेंगे वाराणसी

लखनऊ (संवाददाता)। राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चैधरी आगामी 23 जून को वाराणसी पहुंचेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय करेंगे। इस दौरे को पूर्वांचल में पार्टी के संगठनात्मक विस्तार और जनसंपर्क अभियान के रूप में देखा जा रहा है। पूर्वांचल में बढ़ते जनसमर्थन और संगठन की मजबूती को देखते आरएलडी अब इस क्षेत्र में अपनी उपस्थिति और प्रभावी बनाने जा रही है। जयंत चैधरी अपने दौरे के दौरान कार्यकर्ताओं से संवाद, सामाजिक संगठनों से मुलाकात, तथा पूर्वांचल के मुद्दों पर चर्चा करेंगे। आरएलडी की पहल स्पष्ट संकेत देती है कि अब पार्टी केवल पश्चिमी उत्तर प्रदेश तक सीमित नहीं बल्कि पूरे राज्य में सशक्त विकल्प के रूप में उभर रही है राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने बताया कि वाराणसी दौरे के दौरान जयंत चैधरी कार्यकर्ताओं से संवाद कार्यक्रम, प्रेस कांफ्रेंस तथा जनप्रतिनिधियों और युवाओं से भेंट करेंगे इस दौरे से राष्ट्रीय लोकदल पूर्वांचल में जड़ों को और गहरा करेगा।

### गरीबों को शिक्षा से दूर करने के लिए सरकारी स्कूलों का विलय कर रही सरकार

लखनऊ (संवाददाता)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर स्कूलों के विलय, शिक्षकों के ट्रांसफर जैसे मुद्दों को लेकर निशाना साधा।उन्होंने कहा, नेताजी खुद शिक्षक थे, उनके अंदर का शिक्षक कभी खत्म नहीं हुआ, वो शिक्षक के रूप में हमेशा दिखाई दिए। एक शिक्षक का बेटा होने के नाते, हर शिक्षक से मेरा पारिवारिक संबंध है, उनका दर्द मेरा दर्द है। शिक्षकों एवं अभिभावकों को जितनी जल्दी समझ में आ जाये कि भाजपा सरकार शिक्षक और शिक्षा के खिलाफ है उतनी जल्दी परिवर्तन के लिए जमीन बननी शुरू हो जाएगी। शिक्षा विभाग में दो लाख से अधिक पद खाली हैं लेकिन भर्ती नहीं की जा रही है। स्कूलों के विलय से शिक्षक भर्ती नहीं होगी। शिक्षामित्र और 69000 शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थी लंबे समय से आंदोलन कर रहे लेकिन उनकी नहीं सुनी गई है। स्कूलों के विलय से ड्रॉप आउट रेट बढ़ेगा। सरकारी शिक्षकों का उत्पीड़न हो रहा है। उन्हें परेशान करने के लिए बिना इंफ्रास्ट्रक्चर डिजिटल अटेंडेंस सिस्टम लागू कर दिया गया है। सरकार को शिक्षकों की बात सुननी चाहिए। ट्रांसफर पोस्टिंग पर कहा, इसको लेकर सरकार में झगड़ा शुरू हो गया है।

### बुद्धेश्वर पुलिस बूथ में मारपीट, पुलिस ने 4 आरोपियों को दबोचा

लखनऊ (संवाददाता)। राजधानी लखनऊ के पारा इलाके की बुद्धेश्वर पुलिस बूथ में 19 जून की देर रात दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। दो युवकों ने एकदूसरे को लात,घूसे मारे। एक-दूसरे को घसीट-घसीटकर पीटा। पुलिस ने 4 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। घटना वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। उस पर लोगों ने अलग,अलग प्रतिक्रियाएं दी हैं। पुलिस के अनुसार, पारा में राधेश्याम, अंकुश, आकाश और अनुपम सिंह रहते हैं। 19 जून की रात बारिश हो रही थी। अनुपम सिंह बाइक लेकर पुल के नीचे खड़ा था। पीछे से आए राधेश्याम, अंकुश और आकाश ने कई बार हॉर्न बजाया। इसको लेकर उनका अनुपम सिंह से झगड़ा हो गया। दोनों पक्षों में काफी देर तक गालीदगलौज हुई। उसके बाद दोनों पक्ष बुद्धेश्वर पुलिस बूथ पहुंचे। वहां पर भी दोनों पक्ष भिड़ गए। पुलिस कर्मियों के सामने ही चैकी में एक,दूसरे को गालियां देने लगे। मारपीट शुरू कर दी। पुलिस कर्मियों ने बीच,बचाव करने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुए। स्थानीय लोग भी बीचदबचाव में आए। उसके बाद पुलिस ने सख्ती बरतते हुए राधेश्याम, अंकुश, आकाश और अनुपम सिंह को गिरफ्तार कर लिया।

### रिंग रोड की सर्विस लेन धंसी, इंदिरानगर में 100 मीटर रास्ता ब्लॉक

लखनऊ (संवाददाता)। राजधानी लखनऊ में रिंग रोड पुलिस चैकी के सामने रिंग रोड की सर्विस लेन धंस गई है। इंदिरा नगर सेक्टर 18 में बारिश के चलते यह हादसा हुआ है। मौके पर रास्ते की बैरिकेडिंग की गई है। आसपास में मौजूद लोगों का कहना है कि देर रात में बारिश के बाद सड़क धंस गई। नाला ओवरफ्लो हो गया था। पहले से छोटा गड्ढा बना हुआ था। बारिश के बाद में यह बड़ा हो गया। रिंग रोड पुलिस चैकी के अपोजिट साइड में यह गड्ढा हुआ है। इसके नीचे सीवर लाइन मौजूद है। गड्ढे में अभी भी पानी जमा है। लगातार पानी का रिसाव भी बना हुआ है। बावजूद इसके कोई सावधानी नहीं बरती गई। इसके पास में मौजूद बिजली के खंभे भी इसकी जद में है। उनके भी धंसने का खतरा बना हुआ है। मौके पर नगर निगम की तरफ से सर्विस लेन पर बैरिकेडिंग की गई है। नगर निगम के अधिकारियों की तरफ से घटना के बाद भी लापरवाही बरती जा रही है। हालत यह है गड्ढे के अंदर पानी का रिसाव हो रहा है, जबकि ऊपर से कॉन्क्रीट का मलबा दोपहर करीब डेढ़ बजे डलवा दिया गया। ऐसे में फिर से सड़क और हिस्सा धंस सकता है। मामले में लोगों ने नगर निगम के अधिकारियों से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। वहीं, मौके पर पहुंचे पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों का कहना है कि उनकी तरफ से गड्ढे को साफ करने का काम किया जा रहा। फिर ऐसे में नगर निगम ने मलबा क्यों डाल दिया? मौके पर पीडब्लयूडी अधिकारी और कर्मचारी पहुंचे हुए हैं।

### पीएम को पत्र लिखकर ईरान और इराक में फंसे भारतीयों की सुरक्षित वापसी की मांग

लखनऊ (संवाददाता)। लखनऊ में मुस्लिम धर्म गुरुओं ने ईरान-इराक में फंसे भारतीय जायरीनों (धार्मिक यात्री) के प्रति चिंता जताई। इजराइल और ईरान के बढ़ते युद्ध संघर्ष के कारण ये चिंता और ज्यादा बढ़ रही है। दोनों देश लगातार एक-दूसरे पर हमले कर रहे हैं। जिसकी वजह से हवाई सेवाएं ठप हो गई हैं।

# सीएम योगी सरकारी भ्रष्टाचार और अफसरों की द्वेषपूर्ण मनमानी पर सख्त कदम उठाएं: मायावती



लखनऊ (संवाददाता)। उत्तर प्रदेश के सरकारी विभाग में तबादलों में हुए भ्रष्टाचार और अनियमितताओं को लेकर सियासत तेज हो गई है। तबादले के मुद्दे पर सपा नेता अखिलेश यादव के बाद बसपा सुप्रीमो मायावती ने भी सरकार पर निशाना साधा है। मायावती ने कहा कि सरकारी भ्रष्टाचार और अफसरों की मनमानी पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जल्द से जल्द सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। मायावती ने एक्स पर सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, देश के अधिकतर प्रदेशों की तरह यूपी में भी हर स्तर पर सरकारी कार्यकलापों के साथ ही विभिन्न विभागों में भ्रष्टाचार और हिस्सेदारी के आरोपों से घिरे तबादलों की अनवरत आम चर्चा व खबरों का सीएम योगी आदित्यनाथ को कड़ा संज्ञान लेकर न सिर्फ भ्रष्टाचार निरोधक विजिलेंस विभाग आदि को सक्रिय करना चाहिए, बल्कि समयबद्ध एसआईटी का भी गठन करके व्यवस्था में आवश्यक सुधार करना चाहिए। यह जन व देशहित में जरूरी है। सरकारी भ्रष्टाचार व अफसरों की द्वेषपूर्ण मनमानी पर यूपी सीएम जितना जल्द सख्त कदम उठाए उतना बेहतर। सपा के मुखिया अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया पर एक शायरी के अंदाज में सरकार को घेरने का प्रयास किया। सपा प्रमुख ने लिखा कि जिसको ट्रांसफर में हिस्सा नहीं मिला है और अब वह किस्सा सुना रहा है। सच यह है कि कई मंत्रियों ने ट्रांसफर की फाइल की फीस नहीं मिलने पर फाइल लौटा दी है। हाल ही में मायावती ने योगी सरकार में हुई कांस्टेबल भर्ती पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि यह एक रूटीन कार्य था। इसमें कुछ नया नहीं था लेकिन सरकार की ओर से इसका जोरदार प्रचार किया गया। मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। पोस्ट में उन्होंने लिखा, यूपी में अभी हाल ही में हुई सिपाही भर्ती को लेकर ऐसा प्रचारित किया गया जैसे यह कोई नई बात हो, जबकि पुलिस में ऐसी भर्ती रूटीन कार्य है, ताकि बैकलॉग की बुराई पुलिस विभाग में भी न आए। लेकिन, इस भर्ती में सर्वसमाज को सही हक मिला या नहीं व उनकी ट्रेनिंग का क्या? यही आम चिंता है। दूसरी पोस्ट में पूर्व मुख्यमंत्री ने अपने कार्यकाल में भर्ती प्रक्रिया को ईमानदार बताया। उन्होंने लिखा, बीएसपी की मेरी सरकार में यूपी में कानून द्वारा कानून का राज का न्याय-युक्त माहौल स्थापित करने के लिए एकमुश्त 1.20 लाख नए पद सृजित करके पुलिस भर्ती को ईमानदार बनाया गया, जिस शांति, व्यवस्था का लाभ बिना भेदभाव के समाज के सभी वर्गों के लोगों को मिला, जिसकी अब काफी कमी है।

## शिया मुसलमानों का इजराइल के खिलाफ प्रदर्शन

लखनऊ (संवाददाता)। लखनऊ बड़ा इमामबाड़ा स्थित आसिफी मस्जिद पर जुमा की नमाज के बाद शिया मुसलमानों ने मौलाना कल्बे जव्वाद की मौजूदगी में इजराइल के




खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान मौलाना जव्वाद ने कहा हम हिंदुस्तान से शर्मिंदा हैं। हमारा मुल्क ईरान-अमेरिका का साथ दे रहा है। अमेरिका इजराइल का साथ दे रहा है। इस दौरान मौलाना ने नमाजियों के साथ अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू की तस्वीर जलाई। शिया धर्मगुरु जव्वाद की अगुआई में सैकड़ों शिया समुदाय के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। नमाजियों ने एक से बढ़कर एक जलील अमेरिका और इजराइल के नारे लगाए गए। प्रदर्शन कर रहे लोग हाथों में ट्रंप मुदार्बाद की तख्ती के लेकर पहुंचे। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई और आई स्टैन्ड विद इरान की तख्ती लेकर समर्थन में नारा लगाया। प्रदर्शन कर रहे शिया समुदाय के लोगों ने कहा कि हिंदुस्तान समेत पूरी दुनिया का शिया मुसलमान ईरान के समर्थन में खड़ा है। आयतुल्लाह अली खामेनेई और ईरान के दुश्मनों को हमारा पूरा खुला चैलेंज है। मौलाना कल्बे जव्वाद ने कहा कि यह बेहद अफसोसनाक है कि लोग जुल्म करने वाले इजराइल का साथ दे रहे हैं। मौलाना ने कहा अपने हिंदुस्तान से हम शर्मिंदा हैं वो इजराइल का साथ दे रहा है। उन्होंने कहा कि भारत अमेरिका के साथ खड़ा है। ईरान का साथ नहीं दे रहा है। हमारे देश का इजराइल के साथ खड़ा होना शर्मिंदगी की बात है। हमला करने वालों का साथ देने वाला अन्यायी है। हमारी मांग है कि भारत सरकार ईरान का साथ दे और लोगों का खून बहने वाले इजराइल का विरोध करे। मौलाना ने कहा कि इजराइल और अमेरिका आतंकवादी है। अमेरिका असलहा सप्लाई कर रहा है और इजराइल फलस्तीन गाजा में बेगुनाहों का खून बहा रहा है। अब तक 65000 से ज्यादा फलस्तीनियों की निर्मम हत्या की जा चुकी है। स्कूल अस्पताल हर जगह बम बरसाए जा रहे हैं। जो जिंदा हैं वो भूख से तड़प-तड़पकर जान गंवा रहे हैं। मौलाना ने कहा कि सरकार से हमारी मांग है कि ईरान और इराक में फंसे हुए भारतीयों को एयरलिफ्ट करवाकर लाया जाए। बड़ी संख्या में भारतीय श्रद्धालु छात्र और नौकरी करने वाले लोग ईरान में फंस गए हैं।


## सीएम आवास के पास स्कॉर्पियो में स्टंट करता युवक गिरफ्तार, वीडियो वायरल

लखनऊ (संवाददाता)। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में कानून व्यवस्था को चुनौती देते हुए एक युवक ने मुख्यमंत्री आवास के पास चलती स्कॉर्पियो कार में खतरनाक स्टंट किया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि युवक चलती हुई स्कॉर्पियो का दरवाजा खोलकर स्टंट कर रहा है, जिससे सड़क पर अन्य राहगीरों की जान खतरे में पड़ सकती थी। यह खतरनाक करतब 1090 चैराहे से मुख्यमंत्री आवास की ओर जाने वाली सड़क पर अंजाम दिया गया। वायरल वीडियो में जिस स्कॉर्पियो का इस्तेमाल किया गया, उस पर विधान परिषद सचिवालय का स्टीकर भी चस्पा नजर आया, जिससे यह सवाल उठ रहा है कि क्या आरोपी किसी प्रभावशाली शख्स से जुड़ा हुआ है। वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आते ही पुलिस हरकत में आ गई। हजरतगंज थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए स्टंटबाज चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस द्वारा अब यह जांच की जा रही है कि वाहन पर लगा विधान परिषद सचिवालय का स्टीकर असली है या फर्जी। सार्वजनिक मार्ग पर इस प्रकार के स्टंट न केवल अवैध हैं, बल्कि राहगीरों की जान को भी जोखिम में डालते हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस प्रकार की हरकतों को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## सिंचाई विभाग संयुक्त कर्मचारी संघर्ष समिति ने दिया धरना

लखनऊ (संवाददाता)। सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या-12/2025/वे0आ0- 2-243/दस-2025-ई0प0सं0-10-27099/13/2024, दिनांक 14 मई 2024 द्वारा सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उत्तर प्रदेश के बडी संख्या में अनेकों उपयोगी पदों को अनुपयोगी बताते हुए समाप्त किये जाने का निर्णय लिया जा रहा है, जो किसान एवं कर्मचारी विरोधी निर्णय है, जिसका प्रभावी विरोध किये जाने के लिए सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के समस्त मान्यता प्राप्त संघों द्वारा गठित सिंचाई विभाग संयुक्त कर्मचारी संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के आवाहन पर सिंचाई विभाग के समस्त कर्मचारियों द्वारा दिनांक-20.05.2025 एवं 21.05.2025 को काला फीता बाँधकर सांकेतिक विरोध दर्ज किया गया, दिनांक 28.05.2025 को सिंचाई विभाग के समस्त कार्यालयों पर गेटमीटिंग करके ध्यानाकर्षण किया गया तथा दिनांक 04.06.2025 को प्रदेश के समस्त जनपदों में विशाल शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन उपरान्त जिलाधिकारियों के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं सिंचाई मंत्री को सम्बोधित ज्ञापन प्रेषित किया गया। उक्त कार्यक्रम एवं ज्ञापनो का संज्ञान न लिये जाने के कारण सिंचाई विभाग, उ0प्र0 के समस्त कर्मचारियों में अत्याधिक रोष व्याप्त होने के कारण मजबूर होकर प्रदेश व्यापी शान्तिपूर्ण विशाल धरना कार्यालय प्रमुख अभियंता, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0 उदयगंज, कैन्ट रोड, लखनऊ के प्रागंण स्थित गेट नं0-2 के सामने किया गया जिसमें सिंचाई विभाग के समस्त संगठनों के कर्मचारी उपस्थित रहे। हजारों-हजार कर्मचारियों द्वारा शांतिपूर्ण धरना उपरान्त मुख्यमंत्री, उ0प्र0 एवं सिंचाई मंत्री के समबोधित ज्ञापन मण्डलायुक्त, लखनऊ के माध्यम से प्रेषित किया गया तथा निम्न आन्दोलन की घोषणा की गई।

# डॉक्टर भी हैरान! मलासन में पानी पीने से होते हैं ये चौंकाने वाले फायदे, 30 दिन में दिखेगा फर्क



योग दिवस पर अगर आप कोई सरल लेकिन प्रभावशाली आदत अपनाना चाहते हैं तो सुबह मलासन में बैठकर पानी पीने की आदत जरूर डालें। यह योगासन न सिर्फ शरीर को डिटॉक्स करता है बल्कि आपको दिनभर एक्टिव भी रखता है।

हर साल 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। इस दिन योग को अपने जीवन में अपनाने और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने का संदेश दिया जाता है।

योग के कई आसान और प्रभावी आसनों में से एक मलासन है, जिसे स्क्वाट पोज भी कहा जाता है। इस आसन के फायदे गहरे और चौंकाने वाले होते हैं। खासकर अगर आप सुबह के समय मलासन में बैठकर पानी पीते हैं तो शरीर में कई सकारात्मक बदलाव दिखाई देने लगते हैं।योग दिवस पर अगर आप कोई सरल लेकिन प्रभावशाली आदत अपनाना चाहते हैं तो सुबह मलासन में बैठकर पानी पीने की आदत जरूर डालें। यह योगासन न सिर्फ शरीर को डिटॉक्स करता है बल्कि आपको दिनभर एक्टिव भी रखता है। आइए जानते हैं मलासन की मुद्रा में पानी पीने के फायदों के बारे में।

**मलासन क्या है?**

मलासन संस्कृत भाषा के शब्द मला से बना है, जिसका अर्थ है मल या विषैले तत्व और आसन का अर्थ है बैठने की विधि। यह आसन शरीर के निचले हिस्से की मांसपेशियों को एक्टिव करता है और पाचन से जुड़ी समस्याओं को दूर करने में बेहद सहायक है। मलासन में बैठकर पानी पीना भारत की पारंपरिक आदतों में से एक है। आयुर्वेद और योग दोनों इसे पाचन और शरीर की सफाई के लिए उपयोगी मानते हैं। आधुनिक रिसर्च के मुताबिक यह तरीका शरीर पर सकारात्मक असर डालता है।

**मलासन के अभ्यास का तरीका**

स्टेप 1- सबसे पहले सीधे खड़े होकर दोनों पैरों के बीच थोड़ी दूरी रखें।

स्टेप 2- अब धीरे-धीरे घुटनों को मोड़ते हुए नीचे बैठें, जैसे आप स्क्वाट कर रहे हों।

स्टेप 3- हाथों को जोड़कर नमस्कार मुद्रा में रखें और कोहनियों को घुटनों के अंदर लगाएं।

स्टेप 4- कोहनियों से घुटनों को हल्का-हल्का बाहर की ओर दबाएं ताकि रीढ़ सीधी बनी रहे।

स्टेप 5- नजर सीधी रखें और कुछ देर इसी अवस्था में गहरी सांस लें।

शुरूआत में 20 से 30 सेकंड से इस आसन के अभ्यास की आदत डालें, फिर धीरे-धीरे समय बढ़ाएं।

**मलासन में पानी पीने से मिल सकते हैं ये फायदे**

भारत में पारंपरिक तौर पर लोग जमीन पर बैठकर खाना खाते और पानी पीते रहे हैं। लेकिन सुबह खाली पेट मलासन में बैठकर पानी पीने से शरीर पर गहरा प्रभाव डालता है। ऐसा करने के कुछ प्रमुख फायदे हैं,

**पाचन तंत्र पर असर**

सुबह-सुबह खाली पेट मलासन में बैठकर पानी पीने से पाचन तंत्र सक्रिय रहता है। ऐसा करने से पेट की मांसपेशियां सिकुड़ती और फैलती हैं, जिससे आंतों की क्रिया तेज होती है और पाचन बेहतर होता है।

**कब्ज और गैस से राहत**

मलासन का अभ्यास कब्ज और गैस की समस्या से राहत दिलाता है। मलासन और पानी दोनों मिलकर आंतों की सफाई में मदद करते हैं और मल त्याग आसान बनाते हैं।

**वजन घटाने में मददगार**

रोजाना इस मुद्रा में पानी पीना मेटाबोलिज्म को तेज करता है, जिससे जिद्दी चर्बी तेजी से घटती है। यह वजन घटाने, पेट की चर्बा कम करने और मोटापे पर प्रभाव डालने में फायदेमंद है।

**शरीर के निचले हिस्से की स्ट्रेचिंग**

इस मुद्रा में सुबह खाली पेट पानी पीने से शरीर के निचले हिस्से की मांसपेशियां मजबूत बनती हैं। यह आसन जांघों, पैरों और घुटनों की ताकत बढ़ाने में सहायक है।

**रीढ़ और पीठ की मजबूती**

यह आसन रीढ़ को सीधा रखने में मदद करता है और पीठ के निचले हिस्से की जकड़न को दूर करता है। साथ ही जांघों, घुटनों और पीठ को मजबूत बनाता है।


**मलासन के लिए सावधानी**

मलासन करते समय हमेशा गुनगुना पानी या सामान्य तापमान का पानी ही पीएं। बहुत ज्यादा ठंडा या गर्म पानी नहीं पीना चाहिए।

ध्यान रखें तेज भूख या बहुत थकावट में यह आसन न करें।

घुटने या पीठ की समस्या होने पर डॉक्टर की सलाह लें।

## नेल पॉलिश खरीदते वक्त ये गलती अवश्य करती हैं महिलाएं, आप भी जानें और रहें इससे बचकर



यदि आप गलत शेड की नेल पॉलिश खरीद रही हैं तो ये आपके हाथों को अच्छा दिखने की बजाय खराब बना सकता है। जिस तरह से मेकअप महिलाओं की खूबसूरती में चार चांद लगाता है, ठीक उसी तरह से नेल पॉलिश की वजह से हाथों की खूबसूरती कई गुना बढ़ जाती है। बाजार में मिलने वाली नेल पॉलिश या नेल पेंट महिलाओं की जिंदगी का अहम हिस्सा है। ये बड़ी ही आसानी से आपको कम दाम में भी मिल जाती है।पर, क्या कभी आपने देखा है कि एक ही शेड हर किसी पर अच्छा नहीं लगता है। ऐसा गलत नेल पॉलिश के चयन की वजह से होता है। जी हां, नेल पॉलिश खरीदते समय जब स्किन टोन का ध्यान न दिया जाए तो ये आपके हाथों की खूबसूरती बढ़ाने की जगह घटा देती है। यही वो गलती है जिसे ज्यादातर महिलाएं करती हैं।दरअसल, महिलाएं नेल पॉलिश खरीदते समय ये ध्यान नहीं देतीं कि उनके स्किन टोन पर क्या जचेगा। तो अगर आप भी नेल पॉलिश खरीदते वक्त सिर्फ ट्रेंड या कलर देखकर चुनाव करती हैं, तो एक बार अपनी स्किन टोन के अनुसार शेड चुनना जरूर आजमाएं। इससे आपका लुक एकदम से बदल जाएगा।

**फेयर टोन**

यदि आपकी स्किन टोन फेयर है, यानी कि रंग गोरा है तो बहुत डार्क ब्राउन या मड शेड्स से दूरी बनाकर रखें। इससे आपके हाथ अजीब से दिखेंगे।

## योग करते-करते घूम लीजिए भारत की ये शांत जगहें, शरीर और आत्मा दोनों हो जाएंगे खुश



यहां कुछ ऐसी खास जगहों के बारे में बताया जा रहा है, जहां आप योग व ध्यान कर सकते हैं। इन स्थानों पर योग और प्रकृति के संग आप पूरी तरह से रिचार्ज हो सकते हैं।

21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। योग सिर्फ योगासन करने या मैदान में जुटने का मौका नहीं है, बल्कि ये एक ऐसा दिन है जब हम अपने तन, मन और यात्रा प्रेम तीनों को एक साथ जोड़ सकते हैं।अगर आप फिटनेस को जीवनशैली का हिस्सा मानते हैं और घूमने के भी शौकीन हैं, तो योग से प्रेरित यात्रा आपके लिए परफेक्ट है। यहां कुछ ऐसी खास जगहों के बारे में बताया जा रहा है, जहां आप योग व ध्यान कर सकते हैं। इन स्थानों पर योग और प्रकृति के संग आप पूरी तरह से रिचार्ज हो सकते हैं।

**योग से प्रेरित यात्रा आइडियाज**

ऋषिकेश

उत्तराखंड के ऋषिकेश को योग की राजधानी माना जाता है। जब भी योग और यात्रा की बात होती है तो सबसे पहले ऋषिकेश का नाम आता है। योग की नगरी ऋषिकेश में गंगा किनारे साधना, साइलेंस रिट्रीट और ध्यान का अनुभव लिया जा सकता है।

धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश का खूबसूरत हिल स्टेशन धर्मशाला सिर्फ घूमने के लिए ही नहीं, बल्कि पहाड़ों की गोद में योग और ध्यान के लिए भी बेहतरीन स्थल है। यहां योगाभ्यास के साथ मोनास्ट्री विजिट्स का बेहतरीन संगम देखने को मिलता है।

पंचगनी

महाराष्ट्र का खूबसूरत हिल स्टेशन पंचगनी अपनी प्राकृतिक सुंदरता और हरियाली के लिए ही प्रसिद्ध नहीं है, बल्कि योग के लिए भी जाना जाता है। यहां योग और प्राकृतिक थेरेपी के लिए मशहूर रिसॉर्ट्स हैं। मानसून में योग और आध्यात्म से जुड़ने के लिए पंचगनी जाना एक अच्छा फैसला हो सकता है।

केरल

केरल को आयुर्वेद और योग की भूमि कहा जाता है। यहां बैकवाटर्स में योग का आनंद लेने के साथ ही आयुर्वेदिक मसाज का अनभव भी ले सकते हैं। यह स्थान शरीर और आत्मा दोनों को सुकून देने के लिए परफेक्ट है।

आरोविलः पुदुचेरी के आरोविल में शांति और आध्यात्मिकता की खोज के लिए जा सकते हैं।

यहां योग, मेडिटेशन और वैश्विक समुदाय का अनुभव मिलता है।

## सुपरस्टार मोहनलाल ने की श्रीलंका के प्रधानमंत्री से मुलाकात, तस्वीरें शेयर कर गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए जताया आभार

मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल साउथ इंडस्ट्री के जाने माने एक्टर्स में से एक हैं। उन्होंने अपने अब तक के करियर में 400 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है और



हमेशा अपनी एक्टिंग से लोगों का दिल जीता है। अब हाल ही में इस एक्टर ने श्रीलंका के प्रधानमंत्री से मुलाकात की और इस मौके की तस्वीरें शेयर कर गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए श्रीलंकाई सांसद का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि वह श्रीलंका के प्रधानमंत्री हरिनी अमरसूर्या और अन्य नेताओं के साथ सार्थक बातचीत के लिए बहुत आभारी हैं, जिसने इस यात्रा को उनके लिए श्वास्तव में अविस्मरणीय बना दिया। मोहनलाल ने इंस्टाग्राम पर अपनी दो तस्वीरें शेयर कीं, जहां उन्होंने प्रधानमंत्री हरिनी अमरसूर्या के साथ स्पीकर जगत विक्रमरत्ने, डिप्टी स्पीकर रिजवी सालिह और अपने दोस्त से मुलाकात की और उनके साथ पोज भी दिए। इन तस्वीरों को शेयर कर एक्टर ने कैप्शन में लिखा, श्श्रीलंका की संसद में शानदार स्वागत से मैं बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। माननीय प्रधानमंत्री डॉ. हरिनी अमरसूर्या, स्पीकर डॉ. जगत विक्रमरत्ने, डिप्टी स्पीकर डॉ. रिजवी सालिह और मेरे प्रिय मित्र इशांत रत्नायके से मिलना वाकई सौभाग्य की बात थी। मैं गर्मजोशी, उदारता और सार्थक बातचीत के लिए बहुत आभारी हूं, जिसने श्रीलंका की इस यात्रा को वास्तव में अविस्मरणीय बना दिया। मोहनलाल के काम की बात करें तो एक्टर जल्द ही सत्यन अंथिकाड द्वारा निर्देशित पारिवारिक नाटक हृदयपूर्वम में दिखाई देंगे, जो सोनू टी.पी. की पटकथा और अंथिकाड के बेटे अखिल सत्यन की कहानी पर आधारित है। इसमें मोहनलाल के अलावा मालविका मोहनन, संगीत प्रताप, संगीता माधवन नायर, सिद्दीकी, सबिता आनंद, बाबूराज, निशान, लालू एलेक्स, जनार्दन और एस. पी. चरण भी अहम किरदार में हैं। हृदयपूर्वम 28 अगस्त को पर्दे पर रिलीज होगी।

## 'दिल थाम के' में हुमा कुरैशी का धांसू डांस अवतार

### फिल्म मालिक का जबरदस्त गाना हुआ रिलीज!



नामुमकिन जैसी चार्टबस्टर हिट के बाद, फिल्म मालिक का एक और धमाकेदार गाना दिल थाम के अब रिलीज कर दिया गया है। इस जोशीले डांस नंबर में हुमा कुरैशी ने अपने फुल ऑन एनर्जी और ग्लैमर से स्क्रीन पर आग लगा दी है। गाने का टीजर पहले ही दर्शकों को काफी पसंद आया था और अब इसका पूरा वर्जन भी सामने आते ही सोशल मीडिया पर छा गया है।




दिल थाम के को संगीतकार जोड़ी सचिन-जिगर ने कंपोज किया है और बोल लिखे हैं मशहूर गीतकार अमिताभ भट्टाचार्य ने। इस गाने को आवाज दी है रश्मीत कौर और राणा मजूमदार ने। आप इस गाने को श्रपवैंअद जैसे प्रमुख ऑडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर सुन सकते हैं, जिसके 100 मिलियन से ज्यादा मंथली यूजर्स हैं। हुमा ने गाने के अनुभव को लेकर कहारू जब जयू ने मुझसे इस गाने के बारे में बात की तो मैंने तुरंत हां कह दिया। डांस करना मुझे बेहद पसंद है और ये गाना तो मेरे लिए चेरी ऑन द केक जैसा था। शूट के आखिरी दिन शूटिंग 16 घंटे तक चली, लेकिन थकान का नाम नहीं था ट क्योंकि ये अनुभव पूरी तरह से मजेदार और यादगार था। फिल्म मालिक में मुझे एकदम देसी और मासी लुक में देखा जाएगा। और राज (राजकुमार राव) के साथ काम करना हमेशा ही शानदार होता है। फिल्म का टीजर पहले ही मिलियन व्यूज के क्लब में शामिल हो चुका है। राजकुमार राव का दमदार लुक, फिल्म की अंडरवर्ल्ड थीम और अब मनुषी छिल्लर की कास्टिंग ट इन सभी वजहों से मालिक लगातार सुर्खियों में बनी हुई है।पुलकित द्वारा निर्देशित और कुमार तौरानी व जय शेवकरमणि द्वारा निर्मित मालिक 11 जुलाई 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## 2 साल की हुई राम चरण- उपासना की जान: बेटी के बर्थडे पर हैदराबाद जू पहुंचा कपल

साउथ स्टार राम चरण और उपासना कामिनेनी कोनिडेला के जिगर का टुकड़ा यानि उनकी बेटी क्लिन कारा 20 जून 2025 को 2 साल की हो गई है। दोनों ने इस खास दिन को खास अंदाज में सेलिब्रेट करने का फैसला किया। वे हैदराबाद में जू में पहुंचे और अपनी बेटी को एक नन्ही बाघिन से मिलवाया। दरअसल, इस बाघिन का जन्म भी पिछले साल हुआ था और उसका नाम भी राम और उपासना की बेटी के नाम



क्लिन कारा पर रखा गया था।ये पल राम चरण और उपासना के लिए एक स्पेशल मेमोरी बन गया। ऐसे में इस साल अपने दूसरे जन्मदिन पर क्लिन कारा पहली बार अपने नाम वाली बाघिन से मिली जो अब तेजी से बड़ी हो रही है। अपनी बेटी के साथ प्यारी सी फोटो शेयर करते हुए उपासना ने लिखा-एक साल पहले, वो सिर्फ एक छोटी सी शावक थी। आज, वो एक चंचल बाघिन है और उसका नाम हमारी क्लिन कारा के नाम से मिलता है। इस प्यारे से काम के लिए हैदराबाद जू को धन्यवाद। हमारा मानना है कि वन्यजीवों का हक जंगल में ही है, लेकिन हम उन प्रयासों का भी समर्थन करते हैं, जो उनके जीवन को सम्मान देते हैं और देखभाल करते हैं। हम दयालुता, साहस और करुणा के साथ बड़े होने की कामना करते हैं। मालूम हो कि शादी के 11 साल बाद राम और उपासना ने अपने घर में बच्चे का वेलकम किया। दोनों ने अभी तक अपनी लाडली का चेहरा दुनिया को नहीं दिखाया है। आरआरआर स्टार ने बताया था कि वो अपनी बेटी का चेहरा कब दिखाने वाले हैं। नंदमुरी बालकृष्ण के साथ दिल को छू लेने वाली बातचीत में एक्टर ने कहा कि वो क्लिन का चेहरा तभी दिखाएंगे, जब वह उन्हें नन्ना (पिता) कहकर पुकारेगी।


## प्यार और आभार के साथ अलविदा कहने का समय...



### ♦ पिता विवेक लागू के नाम बेटी मृण्मयी का इमोशनल पोस्ट, 7 साल पहले सिर से उठा था मां रीमा लागू का साया

दिवंगत बॉलीवुड एक्ट्रेस रीमा लागू के एक्स हसबैंड दिग्गज थिएटर एक्टर और फिल्म मेकर विवेक लागू अब हमारे बीच नहीं रहे। 19 जून को 71 की उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली। जानकारी के मुताबिक उनका अंतिम संस्कार 20 जून को मुंबई के ओशिवारा श्मशान घाट पर किया जाएगा। वहीं अब उनकी बेटी मृण्मयी लागू ने सोशल मीडिया पर एक इमोशनल पोस्ट शेयर किया। मृण्मयी लागू ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपने पिता के साथ एक प्यारी सी फोटो शेयर करते हुए लिखा-हमने साथ मिलकर लंबी और कठिन लड़ाई लड़ी, लेकिन अब प्यार और आभार के साथ अलविदा कहने का समय है।मेरे पापा!मेरे सबसे अच्छे दोस्त, मेरे मार्गदर्शक, मेरे सबसे बड़े प्रशंसक, और वो आवाज जो हमेशा मेरे मन में गूंजती थी...आपकी बहुत याद आएगी कृ आप जैसे पापा हर लड़की को नहीं मिलते ए अब इस पोस्ट के जरिए लोग विवेक लागू को श्रद्धांजलि दे रहे हैं।





विवेक और रीमा की पहली मुलाकात 1976 में एक बैंक में हुई थी, और दो साल बाद उन्होंने शादी कर ली लेकिन कुछ साल बाद उन्होंने अलग होने का फैसला किया, लेकिन इसके बाद भी वो अच्छे दोस्त बने रहे। इस शादी से कपल की एक बेटी है, जिसका नाम मृण्मयी लागू है। वहीं साल 2017 में रीमा का निधन हो गया था। बता दें कि विवेक और रीमा की बेटी मृण्मयी भी इंडस्ट्री में एक जाना-माना चेहरा हैं। मृण्मयी लागू ने एक लेखिका के रूप में अपनी पहचान मजबूत की है। उन्होंने 2020 की समीक्षकों द्वारा सराही गई फिल्म थप्पड़ में बतौर राइटर काम किया था, जिसे समाज में महिलाओं की आवाज और अधिकारों को लेकर एक सशक्त संदेश देने वाली फिल्म माना गया। इसके अलावा, मृण्मयी ने नेटफ्लिक्स की चर्चित सीरीज स्कूप (2023) में भी लेखक के तौर पर योगदान दिया, जो एक क्राइम-ड्रामा थ्रिलर है और पत्रकारिता की दुनिया की सच्चाईयों को उजागर करती है।

भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज से पहले सचिन तेंदुलकर का बयान

# 'पटौदी परिवार से कहा कि उनकी विरासत...'

**एजेंसी**

नई दिल्ली। भारत और इंग्लैंड के बीच शुक्रवार से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज



की शुरूआत होने जा रही है। पहला टेस्ट लीड्स में खेला जाएगा। इससे पहले भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने कहा कि उन्हें जैसे ही पता चला कि इस सीरीज के लिए ट्रॉफी का नाम बदला जा रहा है, उन्होंने दिवंगत मंसूर अली खान पटौदी के परिवार से संपर्क किया और उन्हें आश्वस्त किया कि इस सीरीज से पूर्व कप्तान का जुड़ाव खत्म नहीं होगा।पटौदी ट्रॉफी का नाम बदलकर तेंदुलकर और इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन के नाम पर एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी रखा गया है। यह फैसला इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड और बीसीसीआई ने मिलकर लिया है। तेंदुलकर ने कहा, 'मुझे पता है कि बीसीसीआई ने कुछ महीना पहले पटौदी ट्रॉफी को रिटायर किया है । लेकिन जब मुझे पता चला कि इसका नाम मेरे और एंडरसन के नाम पर रखा जा रहा है तो मैने सबसे पहले पटौदी परिवार को फोन किया।'उन्होंने कहा, 'टाइगर पटौदी ने कई पीढ़ियों को प्रेरित करने में बड़ी भूमिका निभाई है जिसे भुलाया नहीं जा सकता।' पटौदी परिवार सीरीज से जुड़ा रहेगा क्योंकि अब विजयी कप्तान को नया 'पटौदी उत्कृष्टता पदक' देने का फैसला किया गया है। यह तेंदुलकर और बीसीसीआई के पूर्व सचिव तथा आईसीसी के मौजूदा चेयरमैन जय शाह और ईसीबी के आला अधिकारियों के बीच कई दौर की बातचीत के बाद हुआ तेंदुलकर ने कहा, 'मैंने उनसे बात की। मैंने सब कुछ बताया। मैंने यह भी कहा कि पटौदी विरासत को जीवंत रखने के लिए हमें हरसंभव प्रयास करने होंगे।

# भारत-इंग्लैंड के खिलाड़ियों से बनी 21वीं सदी की सर्वश्रेष्ठ एकादश

**एजेंसी**

नई दिल्ली। भारत और इंग्लैंड के बीच आज से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज की शुरूआत हो रही है। इस सीरीज को लेकर भारतीय फैंस बेहद उत्सुक हैं, क्योंकि विराट कोहली और रोहित शर्मा के टेस्ट से संन्यास के बाद यह टीम इंडिया का पहला असाइनमेंट है। नए कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में एक युवा भारतीय टीम इंग्लैंड का सामना करेगी। हालांकि, इससे पहले इंग्लैंड के दो पूर्व कप्तानों ने 21वीं सदी की भारत और इंग्लैंड के खिलाड़ियों से बनी सर्वश्रेष्ठ प्लेइंग-11 चुनी है। इस टीम में चौंकाने वाली बात मौजूदा समय के दो सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज विराट कोहली और जो रूट का नहीं होना है। साथ ही टीम इंडिया के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली, जहीर खान और वेरी वेरी स्पेशल वीवीएस लक्ष्मण को भी इसमें जगह नहीं दी गई है। इंग्लैंड के दो पूर्व कप्तान नासिर हुसैन और माइकल एथर्टन ने यह 21वीं सदी की भारत और इंग्लैंड के खिलाड़ियों की बेस्ट प्लेइंग-11 चुनी है। उन्होंने ऐसा स्काई स्पोर्ट्स पर बातचीत के दौरान किया। ओपनिंग की जिम्मेदारी वीरेंद्र सहवाग और एलिस्टेयर कुक को दी गई है। कुक टेस्ट में इंग्लैंड के लिए दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले



बल्लेबाज हैं। वहीं, सहवाग को किसी भी गेंदबाजी लाइन अप की बखिया उधेड़ने में महारत हासिल है।नासिर और एथर्टन ने तीसरा स्थान राहुल द्रविड़ को दिया है। द्रविड़ किसी भी गेंदबाज को थकाने में माहिर थे। वहीं, उनकी कप्तानी में भारत ने 2007 में पिछली बार इंग्लैंड में कोई टेस्ट सीरीज जीती थी। वहीं, नंबर चार पर इंग्लैंड के लिए जो रूट बल्लेबाजी करते हैं, जबकि भारत के लिए विराट कोहली बल्लेबाजी करते थे। दोनों ही मौजूदा समय के दो सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं और फैब-4 का हिस्सा हैं। हालांकि, नासिर और एथर्टन ने इन दोनों को शामिल न करके नंबर-चार पर दुनिया के महानतम बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को खिलाया है। नंबर चार पर तेंदुलकर ने सबसे ज्यादा रन बनाए हैं।वहीं, पांचवां नंबर केविन पीटरसन को दिया गया है। पीटरसन अपने स्टायलिश अंदाज से किसी भी गेंदबाज की धुनाई कर सकते हैं। वहीं, विकेटकीपर के तौर पर ऋषभ पंत को प्लेइंग-11 में शामिल किया है। नासिर और एथर्टन ने पेस बॉलिंग ऑलराउंडर के तौर पर बेन स्टोक्स को टीम में शामिल किया है।

# सत्र के पहले खिताब पर होंगी नीरज की नजरें, पेरिस डायमंड लीग में मिलेगी वेबर-एंडरसन से चुनौती

**एजेंसी**

नई दिल्ली। वेबर ने 16 मई को दोहा डायमंड लीग में चोपड़ा को हराया था जिसमें चोपड़ा ने 90 मीटर से ऊपर का थ्रो फेंका था। वेबर ने आखिरी थ्रो 91.06 मीटर का फेंककर पहला स्थान हासिल किया। चोपड़ा 90.23 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे। 31 वर्षीय वेबर ने 23 मई को पोलैंड में जानुज कुसोसिंकी मेमोरियल स्पर्धा में भी चोपड़ा को हराया था।दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा की नजरें सत्र के पहले बड़े खिताब पर होंगी जब उनका सामना शुक्रवार को पेरिस डायमंड लीग में जूलियन वेबर से होगा। 90 मीटर की बाधा पार कर चुके नीरज की टक्कर डायमंड लीग के दूसरे चरण में दो बार के विश्व चैंपियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स से भी होगी। भाला फेंक स्पर्धा में कुल आठ दावेदार होंगे जिनमें पांच 90 मीटर का आंकड़ा छू चुके हैं।

**दोहा डायमंड लीग में वेबर ने दी थी चोपड़ा को मात**

वेबर ने 16 मई को दोहा डायमंड लीग में चोपड़ा को हराया था जिसमें चोपड़ा ने 90 मीटर से ऊपर का थ्रो फेंका था। वेबर ने आखिरी थ्रो 91.06 मीटर का फेंककर पहला स्थान हासिल किया। चोपड़ा 90.23 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे। 31 वर्षीय वेबर ने 23 मई को पोलैंड में जानुज कुसोसिंकी मेमोरियल स्पर्धा में भी चोपड़ा को हराया था। वेबर ने 86.12 मीटर और चोपड़ा ने 84.14 मीटर का थ्रो फेंका था। पीटर्स दोनों में तीसरे स्थान पर रहे थे।

**वेबर से पिछली हार का बदला लेना चाहेंगे नीरज**

पेरिस में चोपड़ा की नजरें वेबर से पिछली दोनों हार का बदला चुकता करने की होगी। वह डायमंड लीग के पेरिस चरण में आठ साल बाद खेलेंगे। उन्होंने पिछले साल ओलंपिक पर फोकस करने के लिये पेरिस डायमंड लीग में भाग नहीं लिया। पेरिस ओलंपिक में 89.45 मीटर के थ्रो के साथ उन्होंने रजत पदक जीता था।

# भाजपा उनवल मण्डल द्वारा 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया

उनवल। भारतीय जनता पार्टी उनवल मण्डल द्वारा नगर पंचायत कार्यालय पर आयोजित 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष इन्द्र कुमार निगम ने की, जबकि संचालन नगर पंचायत



अध्यक्ष महेश कुमार दुबे के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष छोटे लाल मौर्य उपस्थित रहे। उन्होंने योग पर अपने सारगर्भित संबोधन में कहा कि, "योग हमारी प्राचीन संस्कृति का अमूल्य उपहार है। यह न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक उत्थान का भी मार्ग है। "योग" शब्द स्वयं 'युज' धातु से लिया गया है, जिसका अर्थ है जोड़ना — मन, शरीर, आत्मा और प्रकृति के बीच संतुलन स्थापित करना।" उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने की एक समग्र पद्धति है। यह तनाव, चिंता और अवसाद से मुक्ति दिलाने के साथ-साथ शारीरिक लचीलापन, संतुलन और सहनशक्ति को भी बढ़ाता है। आज दुनिया भर में लाखों लोग योग के लाभों को पहचान कर इसे अपनी दिनचर्या में शामिल कर रहे हैं। कार्यक्रम में ठऊफ्रटीम के सदस्य व भाजपा मण्डल संयोजक योगेंद्र साहनी, योग प्रशिक्षक राकेश त्रिपाठी, मण्डल महामंत्री योगेश वर्मा, विनोद कुमार पाण्डेय, अभिमन्यु तिवारी, श्रीप्रकाश गुप्ता, राजन पासवान, ईश्वरत साहनी, दिनेश शर्मा, पिंकू यादव, अज्जू खान, श्रीप्रकाश साहनी, महेंद्र चौधरी, बालेंद्र त्रिपाठी, पंकज निगम, विनय त्रिपाठी, सचिंद्र मिश्रा, सुशील मौर्य सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं योग प्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सामूहिक योगाभ्यास के साथ हुआ जिसमें सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, ध्यान आदि प्रमुख आसनों का अभ्यास किया गया।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर लोकबंधु चिकित्सालय में भव्य योग कार्यक्रम, राज्य सूचना आयुक्त और आयोग सदस्य हुए शामिल

लखनऊ। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लोकबंधु चिकित्सालय, लखनऊ में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्य सूचना आयुक्त श्री



स्वतंत्र जी मुख्य अतिथि एवं उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य सतेन्द्र बारी जी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। योग कार्यक्रम में भाग लेने के लिए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव, चिकित्सा अधीक्षक श्री अजेय एवं योगाचार्य सुनील गुरु जी की भूमिका सराहनीय रही। कार्यक्रम में चिकित्सालय के डॉक्टर, स्टाफ सदस्य और आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सत्येंद्र बारी ने आयोजन के लिए चिकित्सालय प्रशासन और आयोजकों का आभार जताते हुए कहा कि, "योग एक ऐसी विद्या है जो शरीर, मन और आत्मा को संतुलन प्रदान करती है। हमें इसे जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए।" पूरे आयोजन में अनुशासन और समर्पण की भावना दिखाई दी। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने नियमित योग अभ्यास का संकल्प लिया।

# सत्येंद्र बारी से पिछड़े समाज को बड़ी उम्मीदें : अनिल प्रजापति

सीतापुर । पिछड़ा एकीकरण महाभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल प्रजापति ने कहा कि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य सत्येंद्र बारी की सक्रियता और संघर्षशील नेतृत्व से प्रदेश का संपूर्ण पिछड़ा समाज अपने आप को सशक्त और संगठित महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि बारी जैसे नेता ही समाज की आवाज बनकर हक और अधिकार दिला सकते हैं। सीतापुर की



ऐतिहासिक धरती पर आयोजित वंचित पिछड़ा महाजागरण कार्यक्रम में सत्येंद्र बारी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर प्रजापति समाज, चंद्रवंशी समाज, निषाद समाज, बघेल समाज, बारी समाज व भारती समाज सहित कई वंचित समुदायों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में अनिल प्रजापति, गुरु प्रजापति (संस्थापक, बिहार कुम्हार समन्वय समिति), लौटानराम निषाद (राष्ट्रीय प्रवक्ता, भारतीय ओबीसी महासभा), बिंदेश्वर चंद्रवंशी (राष्ट्रीय नेता, चंद्रवंशी समाज), एवं आजीविका एक्सपर्ट मनमोहन शुक्ला सहित पिछड़े समाज के कई प्रमुख राष्ट्रीय नेताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में सामाजिक एकता, राजनीतिक सहभागिता और अधिकारों की प्राप्ति को लेकर विशेष चर्चा हुई। सत्येंद्र बारी ने सभी आयोजकों और आमंत्रण के लिए आयोजक मंडल का हृदय से आभार व्यक्त किया।

# श्रीरामचरितमानस कथा श्रंखला के दूसरे दिवस पर हुआ श्रीहनुमानजी का सिंदूर सहस्त्रार्चन

## गीतावटिका प्रांगण, श्रीराधाकृष्ण साधना मंदिर, गोरखपुर

**स्वदेशी इनक्रेडिबल, राहुल मिश्रा**

गोरखपुर। सार्वभौम गृहस्थ संत भाईजी श्री हनुमानप्रसाद पोद्दार एवं प्रीतिरसावतार महाभावनिमग्न



श्रीराधाबाबा की तपोभूमि, गीतावटिका प्रांगण में स्थित श्रीराधाकृष्ण साधना मंदिर में आयोजित 40वें पाटोत्सव महोत्सव के अवसर पर चल रही नौ दिवसीय श्रीरामचरितमानस कथा श्रृंखला के द्वितीय दिवस पर श्रीहनुमानजी का सिंदूर द्वारा सहस्त्रार्चन भक्तिभाव एवं विधिपूर्वक संपन्न हुआ। पूजन स्थल "ॐ अञ्जनीसुताय नमः", "ॐ रामदूताय नमः", "ॐ संकटमोचनाय नमः" जैसे पावन मंत्रों की दिव्य ध्वनि से गुंजायमान रहा। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने एकाग्र मन से श्रीहनुमानजी के सहस्त्र नामों का जाप करते हुए सिंदूर अर्पित किया और बल, बुद्धि, विद्या तथा विजय का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसी श्रृंखला में श्रीरामचरितमानस कथा के दूसरे दिन पूज्य श्रीहरिकृष्ण दासजी महाराज (श्रीचितरंजन दासजी), वृंदावन के श्रीमुख से बालकाण्ड के विविध प्रसंगों की सरस एवं भावपूर्ण व्याख्या की गई। उन्होंने बताया कि जब अधर्म अपनी सीमाएं लांघता है, तब धर्म की पुनर्स्थापना हेतु स्वयं भगवान को अवतरित होना पड़ता है। कथा में भगवान विष्णु के अवतरण की भूमिका, देवताओं की प्रार्थना, पृथ्वी की पुकार तथा शिव-ब्रह्मा संवाद जैसे गूढ़ प्रसंगों को सरलता और श्रद्धा से श्रोताओं तक पहुँचाया गया। भक्तगण पूज्य महाराजश्री की भक्तिरससपूर्ण वाणी से भावविभोर हो गए। भजनों की मधुर प्रस्तुतियों ने वातावरण को और भी आध्यात्मिक एवं भावमय बना दिया। मंदिर समिति के सचिव श्री उमेश कुमार सिंहानिया एवं संयुक्त सचिव श्री रसेन्दु फोगला ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन 20 जून से 28 जून तक प्रतिदिन प्रातः श्रीविग्रह सहस्त्रार्चन एवं सायं श्रीरामकथा के रूप में संपन्न हो रहा है।

# शेषनाथ आचार्य ने दिवंगत महानगर अध्यक्ष को अश्रूपूर्ण श्रधांजलि दी

गोरखपुर। राष्ट्रीय परिषद सदस्य, निवर्तमान सदस्य अनुसूचित जाति जनजाति आयोग एवं पूर्व प्रदेश महामंत्री भाजपा अनुसूचित मोर्चा शेषनाथ आचार्य ने गत दिवस गोरखपुर के महानगर अध्यक्ष दिवंगत देवेश श्रीवास्तव के आकस्मिक निधन पर उनके अंधियारिबाग स्थित निवास पर पहुँचकर परिवार की उपस्थिति में शोक संवेदना व्यक्त किया। साथ में अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग मझवार महानगर अध्यक्ष कृष्ण कुमार मीडिया प्रभारी इंजीनियर बृजमोहन ओमप्रकाश सोनकर राजेश पासवान संग्राम प्रिय गौतम संघर्ष प्रिय गौतम यशवंत श्रीवास्तव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# मा० मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने स्व०देवेश श्रीवास्तव एवं स्व०जितेंद्र सिंह 'गुड्डू' को दी श्रद्धांजलि

**स्वदेशी इनक्रेडिबल, मो. अब्दुल्लाह**

गोरखपुर। उ० प्र० के मुख्यमंत्री मा० योगी आदित्यनाथ जी महाराज जी भाजपा महानगर अध्यक्ष श्री देवेश श्रीवास्तव जी एवं जितेंद्र सिंह गुड्डू के आवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित कर प्रार्थना की ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान कर शोक संतप्त परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। इस अवसर पर गोरखपुर ग्रामीण विधायक श्री विपिन सिंह एवं भाजपा महानगर के पदाधिकारीगण आदि लोगों उपस्थित रहे।



# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का गोरखपुर सड़क निर्माण कार्य किया निरीक्षण

**स्वदेशी इनक्रेडिबल, मो. अब्दुल्लाह**

गोरखपुर। उ० प्र०मुख्यमंत्री मा० योगी आदित्यनाथ जी महानगर गोरखपुर के जगेसर पासी,हड़हवा फाटक होते हुए एच एन सिंह तक फोर / टू लेन सड़क निर्माण कार्य एवं विरासत गलियारा में पाण्डेयहाता, घंटाघर होते हुए हजारीपुर तक सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी गोरखपुर ग्रामीण विधायक श्री विपिन सिंह, महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव ,श्रीमती अंजू चौधरी, श्रीमती चारु चौधरी, भाजपा पदाधिकारीगण, भाजपा कार्यकर्ता एवं भारी संख्या में जनमानस उपस्थित रहे।



# सपा के प्रदेश सचिव ने सैदपुर में अपने पद से दिया इस्तीफा अखिलेश यादव, विधायक, उनके पिता व संगठन पर लगाए आरोप

**स्वदेशी इनक्रेडिबल, महताब आलम**

गाजीपुर। समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व जिला पंचायत सदस्य सैदपुर के रावल मोड़ स्थित महमदपुर निवासी खेदन सिंह यादव ने अपने प्रदेश सचिव पद से इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफे के बाद चचाओं का दौर शुरू हो गया है। श्री यादव ने पार्टी मुखिया अखिलेश यादव व जिलाध्यक्ष पर शिकायतों के बावजूद कार्यवाही न करने व सैदपुर विधायक के पिता पर अपने खिलाफ एक मामले में पैरवी करने का आरोप लगाते हुए ये इस्तीफा दिया है। इसके साथ ही उन्होंने और भी तमाम आरोप लगाए हैं। उन्होंने गुरूवार की अपराह्न 3 बजे नगर में प्रेसवार्ता करते हुए बताया कि वो पार्टी के क्रियाकलाप, जिला संगठन व विधायक के कार्य से खिन्न होकर इस्तीफा दे रहे हैं। बताया कि मेरा एक पारिवारिक विवाद हुआ था। उसमें विधायक अंकित भारती के पिता व प्रतिनिधि रहे ओमप्रकाश भारती ने मेरे खिलाफ थाने में खुलेआम पैरवी की थी। पुराना मसला होने के बाबत बताया कि पूर्व में सपा के प्रदेश अध्यक्ष के करमपुर आगमन पर मैंने ओपी भारती को सैदपुर विधायक का प्रतिनिधि कह



दिया था। ये बात उन्हें नागवार गुजरी थी। वो खुद को हमेशा विधायक कहलवाना चाहते हैं। आरोप लगाया कि सपा की मासिक बैठक में उनके चहेतों ने कहा था कि ओपी भारती को विधायक प्रतिनिधि न कहा जाए बल्कि विधायक जी कहा जाए। उन्होंने विधायक अंकित भारती पर भी आरोप लगाया कि वो कभी भी क्षेत्र में दिखाई नहीं देते। कहा कि कुछ दिनों पूर्व मैंने पीडीए की गांवों जाकर मीटिंग की और मैं जहां भी जनता के बीच गया, वहां लोगों ने मुझसे विधायक की शिकायत ही की। कहा कि विधायक ने पार्टी के 3-4 कार्यकर्ताओं के खिलाफ भी एससीएसटी एक्ट का मुकदमा दर्ज करा दिया है। बताया कि मैंने इसके लिए पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव से मिलकर लिखित शिकायत उनके हाथ में दी थी लेकिन उन्होंने सैदपुर विधायक या प्रतिनिधि के खिलाफ किसी तरह की कार्यवाही नहीं किए। कहा कि पार्टी मुखिया ने इस पर कोई एक्शन नहीं लिया, इससे मुझे उनसे भी नाराजगी है। कहा कि मैंने अपने मामले में जिलाध्यक्ष गोपाल यादव को भी अवगत कराया लेकिन उन्होंने क्या किया, कुछ पता नहीं चला। कहा कि 5 तारीख को मैंने बताया था कि कप्तान साहब से मुझे जानकारी मिली है कि विधायक प्रतिनिधि मेरे खिलाफ पैरवी कर रहे हैं। उन्होंने आगामी समय में अन्य दल में जाने की संभावनाओं से इंकार किया और कहा कि वो सपा में ही रहेंगे लेकिन फिलहाल अपने पद से इस्तीफा दे रहे हैं।

# समाजवादी अधिवक्ता सभा की मासिक बैठक संपन्न, 2027 में भाजपा को हटाने का लिया

गोरखपुर। समाजवादी अधिवक्ता सभा की मासिक बैठक समाजवादी पार्टी के बेतियाहाता स्थित



जिला कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष कमल किशोर यादव ने की, जबकि संचालन सुनील आजाद ने किया। बैठक में संगठनात्मक मजबूती पर विशेष चर्चा करते हुए बूथ, सेक्टर और जोन स्तर पर पार्टी के सशक्तिकरण को लेकर रणनीति बनाई गई। जिलाध्यक्ष कमल किशोर यादव ने कहा कि समाजवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने और भाजपा की जनविरोधी नीतियों से त्रस्त जनता को विकल्प देने के लिए अधिवक्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, "समाजवादी अधिवक्ता साथी बूथ, सेक्टर, जोन स्तर पर पार्टी को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य करें। जनता 2027 के चुनाव में भाजपा को हटाने का मन बना चुकी है। हमें पूरी ताकत से अखिलेश यादव जी को मुख्यमंत्री बनाने के लिए एकजुट होकर जुटना होगा।" बैठक में सभी अधिवक्ताओं ने एकमत होकर 2027 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर स्वतंत्र सिंह यादव, विकास चंद यादव, मैना भाई, अरविंद एडवोकेट, सत्यवान एडवोकेट, विनीत एडवोकेट, मनीष प्रताप एडवोकेट, महेंद्र एडवोकेट, राजन एडवोकेट, देवेंद्र एडवोकेट, रामशरण सहित अनेक अधिवक्ता साथी उपस्थित रहे। बैठक का समापन जोश और समाजवादी प्रतिबद्धता के साथ किया गया।

# केशरवानी धर्मशाला शंकरगढ़ मे मना विश्व योग दिवस

**स्वदेशी इनक्रेडिबल, मनीष सुसरी**

प्रयागराज, शंकरगढ़। विश्व योग दिवस के शुभ अवसर पर, केशरवानी धर्मशाला शंकरगढ़ में एक विशेष राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) एवं व्यापार मंडल की तरफ से योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस शुभ अवसर पर योग गुरु ने बताया कि आइए हम सब मिलकर इस प्राचीन योग और आसनों की परंपरा के माध्यम से अपने मन, शरीर और आत्मा का ध्यान रखें और इस अवसर को सार्थक बनाएं। "योग पैरों को छूने के बारे में नहीं है, बल्कि उस यात्रा में सीखने के बारे में है।" यह दिन को ऊर्जा, शांति और अनुशासन के साथ शुरू करने का एक बेहतरीन अवसर है। योग से हमें खुले मन और सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। इंटरनेशनल योग दिवस के शुभ अवसर पर रोहित केशरवानी, मनोज केशरवानी खंड कार्यवाह शंकरगढ़ यमुनापार प्रयागराज शैलेन्द्र जी,राजेश गुप्ता,शंकरगढ़ व्यापार मण्डल अध्यक्ष अरविन्द केशरवानी, सुरेश केशरवानी, ओम शान्ति, राजेंद्र, नितेश, रंजीत, पूर्व प्रधान अरुण सिंह, सुजीत केशरवानी,सहित राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) विचार परिवार (विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, सेवा भारती, विद्या भारती,किसान संघ, वनवासी कल्याण आश्रम,भाजपा),एवं व्यापार मंडल के समस्त कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।




# मुख्तार अंसारी की पत्नी आफ्सा अंसारी का बैंक लॉकर फ्रीज

**स्वदेशी इनक्रेडिबल, महताब आलम**

गाजीपुर। गैंगस्टर एक्ट के तहत फरार और 50,000 रुपये की इनामी अपराधी आफ्सा अंसारी के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए उनके बैंक खाते से जुड़े एक लॉकर को फ्रीज कर दिया है। आफ्सा अंसारी, कुख्यात क्र-191 गैंग के पूर्व सरगना मुख्तार अंसारी की पत्नी हैं। उनके खिलाफ थाना कोतवाली, गाजीपुर में दो गंभीर आपराधिक मामले झ मु0अ0सं0 96/2023 (धारा 406, 420, 386, 506 भादवि) और मु0अ0सं0 667/2020 (गैंगस्टर एक्ट) के अंतर्गत केस दर्ज हैं ।शासन द्वारा अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत गाजीपुर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि आफ्सा अंसारी का स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, व.ढ. सिविल सचिवालय-लखनऊ शाखा में खाता संख्या 10223102494 संचालित है, जिससे जुड़ा एक बैंक लॉकर है। लॉकर में कुछ गोपनीय दस्तावेज होने की आशंका जताई गई, जो प्रारंभिक दृष्टि में संदिग्ध प्रतीत होते हैं ।इस सूचना पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गाजीपुर ने तत्परता दिखाते हुए संबंधित बैंक से समन्वय स्थापित कर नियमानुसार रिपोर्ट प्रस्तुत की और लॉकर को फ्रीज करने की कार्यवाही की गई। लॉकर को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया है ।फिलहाल लॉकर की जांच और आफ्सा अंसारी के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई प्रचलित



है। पुलिस द्वारा इस मामले में सभी जरूरी विधिक कदम उठाए जा रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पिपराइच में डिजिटल सखियों ने किया योगासन

**स्वदेशी इनक्रेडिबल**

गोरखपुर। शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर डिजिटल सखियों ने पिपराइच के विभिन्न ग्राम पंचायत में योगाभ्यास के द्वारा, निरोग रहने एवं अच्छे स्वास्थ्य के लिए योग्य का अभ्यास किया गया , जिसमें उद्यमी महिलाओ, समुदाय के लोगों एवं बच्चों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम एक, धरती एवं एक स्वास्थ्य के लिए योग पर अपने विचार साझा करते हुए अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का महत्व को साझा किया। इस अवसर पर डिजिटल सखी परियोजना की ज्वाइंट प्रोग्राम कॉर्डिनेटर व राज्य आई.सी.समिति सदस्य गीता कौर ने वर्चुअल रूप से, परियोजना चयनित डिजिटल सखियों के 35 गांम पंचायतों में जुड़कर उन्हें योग एवं अन्य जानकारियां साझा की। साथ बताया कि पिपराइच ब्लॉक को गोरखपुर का आदर्श ब्लॉक एवं डिजिटल रूप से समृद्ध सशक्त एवं आत्मनिर्भर ब्लॉक बनाना, हम लोगों की इच्छा है और इस पर हम लोग काम कर रहे हैं। इस अवसर पर डिजिटल सखी, नैयापार से मीना देवी, लुहासी से शीला देवी, इस्लामपुर से गायत्री सिंह, कोनी से मेनिका देवी रमवापुर से मेनका सिंह आदि शामिल रहे।



# "सर्व कल्याण की विद्या है योग" : डॉ बलवान सिंह

गोरखपुर। "अंतरराष्ट्रीय योग दिवसः के अवसर पर सरस्वती शिशु मन्दिर (10+2) पक्कीबाग गोरखपुर में आयोजीत कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए डॉ बलवान सिंह पूर्व एसोसिएट प्रोफेसर - रक्षा अध्ययन महाविद्यालय भटवली बाजार (उनवल) गोरखपुर ने कहा कि योग एक वैज्ञानिक पद्धति होने के कारण समस्त मानवजाति के लिए लाभदायक है।

महर्षि पतंजलि के अनुसार योग चित्त की वृत्तियों का निरोध है। अर्थात मनुष्य अपने जीवन में कर्म करते हुए विभिन्न प्रकार की अच्छी-बुरी वृत्तियों का चित्त में संग्रह करता है। इन्हीं वृत्तियों के कारण उसे जीवन में सुख-दुःख की अनुभूति होती है। योग इन वृत्तियों से मुक्त होने की विद्या है, जिससे मनुष्य का चित्त निर्मल एवं शान्त हो जाता है, तथा वह अनेक प्रकार की मानसिक एवं शारीरिक बीमारियों से बच जाता है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान जिन बीमारियों को ठीक करने में असफल हो जाता है, वहाँ योग अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुआ है। वर्तमान युग में अनेक प्रकार के तनाव, चिंता, बीमारियाँ, परेशानियाँ, युद्ध की विभीषिका आदि समस्याओं के समाधान में योग महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर सकता है। कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि श्री राम सिंह जी प्रदेश निरिक्षक शिशु शिक्षा समिति ने योग को अपने जीवन में उतार कर नियमित रूप से योग करने पर बल दिया। कार्यक्रम में उपस्थित डॉ० विनय जी प्रणाचार्य कामधेनु शक्ति पीठ ने कहा कि पंचगव्य से मन की वृत्तियों पर नियंत्रण होता है। योग दिवस के इस पावन अवसर पर आचार्य श्री दीपेन्द्र सिंह जी, श्री अरविन्द दुबे जी, श्री रवि निगम जी के मार्गदर्शन में सबने योग किया। आभार ज्ञापन बलराम अग्रवाल जी ने किया। अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य डा0 राजेश सिंह जी ने कराया। इस अवसर सैकडों की संख्या में छात्र छात्राओं सहित विद्यालय के समस्त आचार्य/ आचार्या व कर्मचारी बन्धु उपस्थित रहे।



# Seva Bharti Kirti Vaibhav Shri Promotes Self-Reliance and Employment Opportunities

Gorakhpur | Seva Bharti Kirti Vaibhav Shri has been making commendable strides toward empowering women and youth by promoting self-reliance and employment-oriented initiatives. Under the leadership of State Head Arundhati Shukla, a collective effort has been underway for the past 10 years, uniting over 120 women from the city and surrounding regions.

Arundhati Shukla emphasized that while women inherently possess talent, they often lack the right platform to showcase their skills. Many are proficient in preparing homemade products such as chips, pickles, papad, murabba, and also have strong abilities in handicrafts, painting, and fine arts.

Through Seva Bharti, these women have been brought together into self-help groups, and their talents are now being highlighted and supported. "Today, women are becoming self-reliant and financially independent," said Shukla. She also acknowledged the efforts of the government in promoting women's development and appreciated the support of Purvanchal Bureau Chief Mr. Sunil Mani Tripathi in advancing their mission.

Anita Tiwari, an active member, shared that Seva Bharti is also making efforts to encourage cottage industries as a means of livelihood for women.



Among those present at the recent gathering were Arundhati Shukla, Mukt K.C. Tripathi, Anita Tiwari, Vidyavati, and Anu Singh, all of whom are dedicated to uplifting women in the region.

Seva Bharti Kirti Vaibhav Shri's efforts mark an important step in enabling women to stand on their own feet and work towards a more empowered and self-sufficient future.

## Shreya Srivastava Shines in NEET 2025

Gorakhpur | Shreya Srivastava, daughter of Saurabh Kumar Srivastava, resident of Vishnupuram Bank Colony, secured



542 marks in NEET 2025, achieving an AIR of 15,906 and General Rank 6,706 in her first attempt. A consistent topper with 95% in Class 12 and 96% in Class 10, Shreya prepared without coaching, relying on self-study and determination.

Her parents and community leaders praised her dedication. Sunil Mani Tripathi honored her with a pen, wishing her success as a future doctor and contributor to society.

## KGMU Organizing Daily Yoga Events for Diverse Patient Groups

Gorakhpur | As per the direction of the Hon'ble Vice Chancellor, King George's Medical University (KGMU) is organizing dedicated Yoga sessions every day, tailored to different patient groups—such as Yoga for Cancer Survivors (Specially Children), Yoga for Pregnant Women, etc.



These sessions are being conducted under the guidance of the Hon'ble Vice Chancellor, with active involvement of the Dean of Student Welfare and the respective Heads of Departments. Each Yoga program is thoughtfully designed to meet the specific needs of the participants.

Along with the practice sessions, awareness is also being raised about the benefits of Yoga, and patients are motivated to incorporate it into their daily routines for long-term well-being.

## Outstanding Services of Pradeep Kumar Soni

Gorakhpur | In his brief yet impactful tenure, Joint Commissioner Pradeep Kumar Soni has left a significant mark in Gorakhpur through his relentless efforts against tax evasion and remarkable contributions towards revenue collection enhancement.

Under his leadership, stringent action was taken against tax evaders, and consistent efforts were made to strengthen revenue systems. One of the most notable achievements during his tenure was the seizure of 150 trucks carrying illegal iron scrap entering from Bihar, resulting in the imposition and recovery of approximately ?5 crore in penalties.

Mr. Soni also led the registration of 12 FIRs against tax mafias and initiated strict action against shell companies, leading to the cancellation of multiple bogus firm registrations. Furthermore, by establishing effective communication with the GST Commissioner in Bihar, 11 more vehicles were intercepted within Bihar, curbing inter-state tax evasion and shutting down fake firms.



To achieve sustained revenue growth, he coordinated closely with the Divisional Commissioner, District Magistrate, and other senior officials. His transparent working style was marked by continuous engagement with business organizations and stakeholders.

For his dedicated service, he received multiple commendation letters from the department. Prominent social worker Mr. Vidyadhar Gupta from Rudrapur extended heartfelt congratulations to Mr. Soni.

Recently, Mr. Soni has been promoted to the post of Additional Commissioner (Grade 2) and has been transferred to Prayagraj. His transfer marks a significant loss for the State Tax Department in Gorakhpur, but his achievements and contributions will be remembered with great respect.

## Grand Yoga Event Held at Lokbandhu Hospital on International Yoga Day: State Information Commissioner and OBC Commission Member Participate

Lucknow | On the occasion of International Yoga Day, a grand yoga session was organized at Lokbandhu Hospital, Lucknow. The event saw the gracious presence of State Information Commissioner Shri Swatantra Ji as the Chief Guest, and Uttar Pradesh Backward Class Commission Member Shri Satyendra Bari as the Special Guest.

The efforts of Chief Medical Superintendent Dr. Rajeev, Medical Superintendent Shri Ajey, and



Yoga Instructor Guru Sunil Ji were highly appreciated for the successful coordination of the event.

Doctors, hospital staff, and members of the general public enthusiastically participated in the yoga session, promoting physical and mental well-being.

Speaking at the event, Shri Satyendra Bari expressed his gratitude to the hospital administration and organizers, stating:“"Yoga is a discipline that brings harmony to the body, mind, and soul. We must adopt it as an essential part of our daily lives.

The entire program was marked by discipline and dedication. Participants pledged to practice yoga regularly and incorporate it into their lifestyle for better health and holistic wellness.

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, शक्ति शंकर द्वारा फाईन आफसेट प्रिंटर्स मदरसा हुसैनिया बिल्डिंग बक्शीपुर, जनपद–गोरखपुर से मुद्रित कराकर, मुहल्ला–द्वितीय तल पुष्पांजलि काम्प्लेक्स शाही मार्केट, गोलघर, जनपद–गोरखपुर से प्रकाशित।
प्रधान संपादक :
शक्ति शंकर
मो नं.
7233999001
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र गोरखपुर न्यायालय होगा।